**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 03 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

==================================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बढ़ती आबादी और शहरीकरण को देखते हुए शहरी स्थानीय निकायों को पानी की भविष्य की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाने और उनके लिए 'चिंतन शिविर' आयोजित करने का सुझाव दिया है।

जल शक्ति मंत्रालय के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने आधुनिक जल-संरक्षण तकनीकों को बड़े पैमाने पर अपनाने तथा वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनियों और कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने हर मानसून से पहले बांध सुरक्षा की व्यापक तैयारी करने, आवश्यक सावधानियां बरतने, स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने और जल क्षेत्र से जुड़े सभी आंकड़ों को एक जगह एकीकृत कर उनके व्यवस्थित प्रबंधन, विश्लेषण व प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए।

---------------------------------

हरियाणा सरकार ने कृषि लागत घटाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई बड़े नीतिगत कदम उठाने का फैसला किया है।

चंडीगढ़ में 'नीतियों में आत्मनिर्भरता मिशन' पर आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को क्षेत्रवार जलवायु के हिसाब से विशेष **'फसली-कैलेंडर'** तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम पानी और खाद की खपत वाली फसलों को बढ़ावा देने तथा धान और दलहन की निर्यात योग्य किस्मों की पहचान करने पर जोर दिया।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए मंत्री ने गौशालाओं के माध्यम से किसानों को नि:शुल्क **'जीवामृत'** उपलब्ध कराने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना तैयार करने का सुझाव दिया। साथ ही, कपास और दलहन की कटाई-मड़ाई में आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की सलाह दी।

-------------------------------------------

चंडीगढ़ श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा श्रम विभाग के तत्वावधान में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इन शिविरों में श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकारों, लागू श्रम कानूनों तथा संगठित क्षेत्र के पात्र श्रमिकों के लिए उपलब्ध विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। शिविरों के दौरान चंडीगढ़ श्रम कल्याण बोर्ड के अधिकारियों ने श्रमिकों से सीधा संवाद किया और श्रम कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों को सरल एवं सुगम भाषा में समझाया, ताकि वे कार्यस्थल पर अपने अधिकारों और हकदारियों को बेहतर ढंग से समझ सकें।

----------------------------------------

पलवल चीनी मिल परिसर में प्रबंध निदेशक द्विजा की अध्यक्षता में एक विशेष किसान संगोष्ठी करवाई गई, जिसमें आगामी पेराई सत्र की तैयारियों, गन्ना उत्पादन बढ़ाने और मात्रा में सुधार लाने पर चर्चा हुई।

प्रबंध निदेशक द्विजा ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर और समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उन्नत खेती के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता निरंतर दी जाएगी। गोष्ठी में अधिकारियों ने किसानों को अच्छी

गुणवत्ता के बीज, संतुलित खाद और वैज्ञानिक तकनीकों के प्रयोग की जानकारी दी।

-----------------------------------------

प्रदेश के सभी 600 स्वास्थ्य संस्थानों में टेली-ईसीजी सेवा देने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय टीबी कार्यक्रम के तहत 2157 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

----------------------------------------------

कैथल में एक भीषण सड़क हादसे में दो स्कूली छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सीवन बस अड्डे के पास उस समय हुआ, जब स्कूटी से स्कूल जा रही दोनों बहनें एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गईं।

मृतक छात्राओं की पहचान मांड़ी गांव निवासी 14 वर्षीय गुरनदीप कौर और 15 वर्षीय शरणदीप कौर के रूप में हुई है। दोनों सीवन के सरकारी स्कूल में नौवीं और दसवीं कक्षा की छात्राएं थीं। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

--------------------------------------------------

मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अगले दो दिन तक तेज बारिश की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार, इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने और लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

--------------------------------------------------

हरियाणा सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी बनाने के उद्देश्य से **'महिला समर्थ संस्थान पुरस्कार'** पहल की शुरुआत की है।

इस योजना के तहत यौन उत्पीड़ने रोकथाम अधिनियम का सख्ती से पालन करने, लिंग-संवेदनशीलता और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने वाले संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा।

====================================